सोमवार MONDAY 22 नवम्बर 2010 सोनीपत केसरी

शिविर में 1100 मरीजों की जांच

सोनीपत, 21 नवम्बर (ब्यूरो): गांव दिपालपुर स्थित शिव मंदिर व्यायामशाला में चौपाल संस्था द्वारा रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान लगभग 1100 मरीजों की जांच की गई। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ व हड्डी रोग विशेषज्ञ आदि ने संपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर चौपाल संस्था के अध्यक्ष डा. राजेंद्र सिंह टोंक ने कहा कि एक विकासशील देश की पहचान उसके स्वस्थ निवासी से होती है। शिविर के दौरान नेत्र रोगियों की आंखों की भी जांच की गई तथा 150 से भी ज्यादा लोगों को नजर के चश्मे नि:शुल्क वितरित किए गए। इस मौके पर व्यायामशाला के अध्यक्ष हवा सिंह पहलवान, डा. ऋषि, डा. अतुल, डा. रूद्र, डा. रोहित, डा. कमला, स्वप्रदीप, अशोक सरोहा, धर्मबीर व मुकेश आदि मौजूद थे।

दिपालपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान लोगों को संबोधित करते डा. राजेंद्र सिंह टोंक। (कुलदीप)